श्याम प्रभु मैं तेरा प्यार माँगूं | By Karishma Sharma

रूप मांगू ना संसार मांगू श्याम प्रभु मैं तेरा प्यार मांगू
चैन मांगू ना करार मांगू मैं तो बाबा तेरा प्यार मांगू

जो भी आया मेरे दिल में मैंने तुझको बताया
तेरे प्रेम की अलख जगा कर तुमको दिल में बसाया
अपना जान के तू श्याम मुझको यह बता
चरणों में बैठकर दीदार मांगू
मैं तो बाबा तेरा प्यार मांगू

हर पल तेरी लगन है बाबा मैं तो हुई हूं दीवानी
तेरी पूजा भक्ति ना जानू दे कृपा वरदानी
गुजरेगी कैसे भला तुझ बिन जिंदगी
तुमसे ही है दम मेरे तुमसे हर खुशी
थोड़ा सा तेरा प्यार मांगू
मैं तो बाबा तेरा प्यार मांगू

मेरी सास और धड़कन में तू मुझको तेरा सहारा
चोखानी का तेरे भरोसे चल रहा है गुजारा
चौखट छोड़कर मैं जाऊं ना कहीं
दूजा मेरा हमसफर तो कोई भी नहीं
जन्मो जन्म के ही दरबार मांगू
मैं तो बाबा तेरा प्यार मांगू

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%ad%e0%a5%81-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be/